1	क्या यह बात सही है कि बोकारो जिलान्तर्गत कसमार प्रखण्ड के सहायिका तथा सेविका का निर्धारित मानदेय की राशि वर्ष 2008–09 में अक्टूबर 2008 से फरवरी 2009 तक का भुगतान नही किया गया है;	बोकारो जिलान्तर्गत कसमार प्रखण्ड में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का मानदेय का भुगतान वित्तीय वर्ष 2008–09 (मार्च 2008 से फरवरी 2009) में किए जाने हेतु समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–74 दिंनाक–15 मई 2008 एवं पत्रांक– 174 दिनांक– 6 जनवरी 2009 द्वारा आवंटन दिया गया था परन्तु कोषागार से राशि की निकासी नही हो सकी। पुनः उनके मांग के आधार पर वित्तीय वर्ष 2011–12 में आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिकाओं का मानदेय का भुगतान किये जाने हेतु विभागीय पत्रांक–113 दिनांक–13.12.2011 द्वारा आवंटन दिया गया था, जिसकी निकासी कोषागार से नही हो सकी। अतः पुनः विभागीय पत्रांक–158 दिनांक–18.02.2014 के द्वारा आवंटन दे दिया गया है, जिससे सेविका का बकाया मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
2	क्या यह बात सही है कि सेविका तथा सहायिका को देय मानदेय की राशि में से पचास प्रतिशत केन्द्र सरकार तथा पचास प्रतिशत राज्य सरकार भुगतान करती है;	अस्वीकारात्मक। सेविका एंव सहायिकाओं को देय मानदेय की राशि में से 90 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा एवं 10 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा भुगतान करती है।
3	क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अभी सेविका तथा सहायिका को पच्चीस प्रतिशत ही राशि भुगतान की जा रही है;	सरकार द्वारा अभी सेविका एंव सहायिकाओं निर्धारित राशि का पूर्ण रुप से भुगतान किया जाता है। इसमें केन्द्रांश 90% (रु0 2700) एंव राज्याशं 10% (रु0 300) की राशि भुगतान की जा रही है। इसके अलावे राज्य सरकार द्वारा राज्य मद से सेविकाओं को 700/– रुपये प्रतिमाह तथा आंगनबाड़ी सहायिका को 350/– रुपये प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जाता है।
4	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारत्मक है तो क्या सरकार सेविका तथा सहायिका को पचास प्रतिशत मानदेय का भुगतान करने का आदेश तथा बोकारो जिला के कसमार प्रखण्ड में कार्यरत सेविका तथा सहायिका का अक्टूबर, 2008 से फरवरी 2009 तक के लम्बित मानदेय का भुगतान करना चाहती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति उपर्युक्त कंडिकाओं में स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार

समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग

ज्ञापांक – स० क०/वि0स0 अल्पसूचित – 89/2014– 367 राँची, दिनांक : 19 फरवरी 2014

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं० –276 वि० स० दिनांक –16.02.2014 के आलोक में 180 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(बसंत कुमार दास)
सरकार के संयुक्त सचिव।

E:\Sanjay\Secretariat_Social Welfare\Tiwary Sir\vidhan sabha answer.doc

(18)

श्री बन्ना गुप्ता, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित
प्रश्न संख्या–अ.सू.–15 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री बन्ना गुप्ता, माननीय स.वि.स.	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि 05 दिसम्बर 2012 को जमशेदपुर में बिजली वितरण के लिए सरकार का टाटा पावर के साथ लिखित समझौता हो गया है;	हाँ यह बात सही है कि दिनांक 05 दिसम्बर 2012 को जमशेदपुर में बिजली वितरण के लिए झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड का टाटा पावर के साथ एकरारनामा हुआ है।
2. क्या यह बात सही है कि वर्त्तमान में जे0एस0ई0बी0 की घरेलू बिजली की दर रू0 2.75 पैसे प्रति यूनिट से 3.00 रूपये प्रति यूनिट है;	वर्त्तमान में झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड की शहरी घरेलू बिजली की दर (एनर्जी चार्ज) रू0 2.40 प्रति यूनिट से रू 3.00 प्रति यूनिट है।
3. क्या यह बात सही है कि बिजली वितरण का कार्य निजी कंपनियों को दिए जाने से बिजली की दरों में बढ़ोतरी होगी जिसका अतिरिक्त भार उपभोक्ताओं पर पड़ेगा;	बिजली की दर का निर्धारण झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा दायर टैरिफ पेटीशन के आधार पर माननीय झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा किया जाता है। टैरिफ दायर करने का अधिकार वितरण फ्रेन्चाईजी को नहीं दिया गया है।
4. उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बिजली के दरों में निजी कंपनियों द्वारा बढ़ोतरी किए जाने पर विशेष नियमावली बनाते हुए नियंत्रण रखने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	बिजली की दर का निर्धारण झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दायर टैरिफ पेटीशन के आधार पर झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा करने का प्रावधान है।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 387 /   दिनांक 19-02-14

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 19/02/14
सरकार के उप सचिव

(19)

श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टीन, स0वि0स0 से प्राप्त अल्पसूचित 425 प्र0-5 दिनांक-20.02.14 से संबंधित प्रश्नोत्तर।

क्र0 सं0	प्रश्न	माननीय मंत्री आदिवासी कल्याण का उत्तर
1	2	3
1	क्या यह बात सही है कि राँची जिला के खेलारी प्रखण्डान्तर्गत लपरा ग्राम स्थित 44 आदिम जनजाति बिरहोर परिवार खुले आकाश में सोने को मजबूर है।	अस्वीकारात्मक। राँची जिला के खेलारी प्रखण्ड अन्तर्गत लपरा ग्राम स्थित 44 आदिम जनजाति बिरहोर परिवार अपने परिवारिक गृह में निवास करते हैं।
2	क्या यह बात सही है कि परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण राँची द्वारा दिनांक-18.10.2011 को उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि तथा प्रखण्ड के पदाधिकारी भी मौजूद थे।	स्वीकारात्मक।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार लपरा गाँव में आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के लिए 44 आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	विभागीय आवंटनादेश संख्या-258 दिनांक-06.12.12 द्वारा लपरा गाँव में आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के लिए 44 आवास निर्माण कराने हेतु आवंटन परियोजना उपनिदेशक, आई0टी0डी0ए0, राँची को उपलब्ध करा दिया गया है। निर्माण कार्य चल रहा है।

19/2/14
(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग

ज्ञापांक-4/स0वि0स0(प्रश्न)-1/2014-382 राँची, दिनांक:- 19/02/14

प्रतिलिपि:-उपसचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक-196 दिनांक-14.02.14 के प्रसंग में 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/2/14
(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

19/2

D:\2013-14\Raza\Thakur Sir\Vidhan sabha Questionire.doc

(20)

झारखण्ड सरकार
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 20.02.2014 को पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या– 06 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता का नाम
श्री बंधु तिर्की,
स०वि०स०

उत्तरदाता का नाम
श्री साईमन मराण्डी,
मंत्री,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं
उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

क्र० सं०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि राँची जिलान्तर्गत माण्डर, चान्हों, लापुंग, बेड़ों एंव ईटकी प्रखण्ड के डीलरों को कार्डधारियों की संख्या के अनुसार किरोसिन तेल का आवंटन नहीं दिया जा रहा है;	अस्वीकारात्मक। राज्य के सभी जिलों को किरासन तेल का आवंटन उनके हाउस होल्ड की संख्या के आधार पर दिया जाता है। तद्नुसार माण्डर, चान्हों लापूंग, बेड़ो आदि प्रखण्डों के लिये किरासन तेल का वितरण किया जाता है।
2	क्या यह बात भी सही है की वर्तमान में फरवरी, 2013 में जिन कार्डधारियों का बैंक खाता संख्या उपलब्ध कराया गया था, केवल उनका ही आवंटन डिलरों को दिया जा रहा है, जबकी शेष कार्डधारियों का बैंक खाता संख्या भी जून, 2013 में डीलरों द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है;	राँची जिला से माह जुलाई 2013 में प्राप्त हाउसहोल्ड की संख्या के आधार पर जिला को किरासन तेल का आवंटन उपलब्ध कराया जाता है।
3	यदि उपरोक्त प्रश्नों खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राँची जिलान्तर्गत माण्डर, चान्हों, लापुंग, बेड़ों एंव ईटकी प्रखण्ड के सभी डीलरों को कार्डधारियों के जमा किये गये बैंक खाता संख्या के आधार पर किरोसिन तेल का पूर्ण आवंटन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	प्रश्न 1 और 2 के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है।

ज्ञापांक :– खा०प्र० 05–10 (विधान सभा)–13/2014 471 /राँची, दिनांक – 18-2-14

प्रतिलिपि :– उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक संख्या– 209 वि०स०, दिनांक 15.02.2014 के क्रम में 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/2/2014
सरकार के सचिव।

D:\Jawabar-2013-14\Kunj\New Microsoft Word Document.Doc15

(21)

श्री सौरभ नारायण सिंह, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ.सू.–27 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री सौरभ नारायण सिंह, माननीय स.वि.स.	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि पी0टी0पी0एस0 कम्पनी पतरातु थर्मल प्लान्ट के निर्माण में बलकुदरा, कटिया, रसदा, लगवा, पतरातू, जयनगर, गेगदा, किन्नी, अरासाहा, हरिहरपुर, चूतवां, बरघुटवा, मेलानी, नेतुआ, तालाटांड, उचरिंगा, सुलियां, पलानी, बरतुआ, कोतो, सिमराटांड आदि कई गांव का भूमि अधिग्रहण किया गया था;	स्वीकारात्मक।
2. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो खण्ड–। में वर्णित गांवों को सरकार पी0टी0पी0एस0 से एन0ओ0सी0 लेकर मुफ्त में पेय जल एवं विद्युत मुहैया करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। अतः इस पर विचार नहीं किया गया।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 381 / दिनांक 19-02-14

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14
सरकार के उप सचिव

22

श्री बन्ना गुप्ता, स0वि0स0 द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पुछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–20 का उत्तर सामग्री।

क्र0 सं0	प्रश्न	उत्तर
1	2	3
1	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत कई कॉलेज के प्राचार्यों द्वारा प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति के लिए विवरणी उपलब्ध नहीं कराये गये है।	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि जिन शिक्षण संस्थाओं द्वारा विवरणी निर्धारित अवधि में अप्राप्त होगा, उन शिक्षण संस्थाओं का नाम कल्याण विभाग के ई पोर्टल से हटाये जाने का प्रवधान है।	अस्वीकारात्मक।
3	उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शीघ्रताशीघ्र कॉलेजों से विवरणी उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों	उपर्युक्त खण्डों से स्वतः स्पष्ट है। 1. ई0–कल्याण पोर्टल पर संस्थानों के नामांकन हेतु निर्गत दिशानिदेश के अनुसार जिस संस्थान का नाम अद्यतन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त है, उनका नामांकन ई0–कल्याण पोर्टल पर कर लिया जायेगा, परंतु वैसे संस्थानों से फीस संरचना संबंधी प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर छात्रवृति एवं भुगतान किया जायेगा। पूर्व में नामांकित संस्थानों के उनके लेटर हेड में संस्थान की सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम की मान्यता अवधि, पाठ्यक्रम की फीस संरचना का उल्लेख करते हुए सम्बद्धता एवं मान्यता तथा मान्यता प्रदान करने वाले प्राधिकार द्वारा निर्धारित फीस संरचना सम्बंधी प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने का प्रावधान है, परंतु इसका छात्रवृति वितरण पर कोई प्रभाव नहीं होगा। 2. पूर्वी सिंहभूम में 89 संस्थान के विरुद्ध 12 संस्थानों का डाटा अपलोड किया गया है।

19/2/14

(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

झारखण्ड सरकार

कल्याण विभाग

ज्ञापांक–4 / वि0स0प्र0(छात्रवृति)–1 / 14 393 रॉंची, दिनांक:– 19/02/14

प्रतिलिपि:– उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, रॉंची को उनके ज्ञाप सं0–281 दिनांक–16.02.14 के आलोक में 200 अतिरिक्त प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/2/14

(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

(23)

श्री सौरभ नारायण सिंह, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ.सू.–34 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री सौरभ नारायण सिंह, माननीय स.वि.स.	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्षो से हजारीबाग जिलान्तर्गत कटकमसांडी में पावर सब स्टेशन राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत बनकर तैयार है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात भी सही है कि जे0एस0ई0बी0 को डी0भी0सी0 के द्वारा थर्ड वे का कॉमरसियल क्लर्यलेन्स नहीं दिया गया है;	स्वीकारात्मक।
3. क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड कटकमसांडी में पॉवर सब स्टेशन नहीं चालू होने के कारण ग्रामीणों को चौबीस घंटा में मात्र 04 घंटा ही बिजली मिल पाती है	अस्वीकारात्मक। प्रखण्ड कटकमसांडी के ग्रामीणों को 12 से 14 घंटा विद्युत की आपूर्ति की जा रही है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कॉमरसियल क्लेयरेंस कराकर कटकमसांडी पॉवर सब स्टेशन को चालू करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	डी0भी0सी0 से कमाण्ड क्षेत्र में 100 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति हेतु कामर्शियल क्लीयरेंस प्राप्त करने हेतु कार्रवाई की जा रही है, जिसमें कटकमसांडी सब स्टेशन हेतु 5 एम0भी0ए0 लोड की स्वीकृति का प्रस्ताव पत्रांक 1747 दिनांक 14.12.2013 के माध्यम से डी0भी0सी0 को प्रेषित है। मुख्य अभियंता (वा0 एवं रा0) के पत्रांक 71 दिनांक–16.01.2014 तथा 106 दिनांक 23.01.2014 द्वारा डी0भी0सी0 को 3rd Circuit Charge करने हेतु अनुरोध किया गया है। कॉमरसियल क्लेंसरेंस प्राप्त होते ही तथा हजारीबाग से कटकमसांडी पावर सब–स्टेशन तक बाकी बचे हुए 33 के0भी0 का विद्युत तार जोड़ने के पश्चात कटकमसांडी पावर सब–स्टेशन को चालू कर दिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 386 / दिनांक 19-02-14

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14

सरकार के उप सचिव

(24)

श्री फूलचन्द्र मंडल, स0वि0स0 से प्राप्त अल्प–सूचित प्रश्न सं0–10 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के गोबिन्दपुर प्रखंड अंतर्गत गोरांगडीह, जयनगर सहित सभी लिफ्ट एरिगेशन योजना वर्षो से बन्द है ;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि इन योजनाओं बन्द होने से पूर्व हजारों एकड़ जमीन पर सिंचाई सुविधा किसानों को मुहैया हो पाती थी ;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3	यदि उपरोक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बन्द पड़े लिफ्ट ऐरिगेशन योजना को चालू वित्तीय वर्ष में पुनः शुरू करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तों क्यो?	बन्द पड़े लिफ्ट एरिगेंशन को चालू करने की दिशा में योजना कि संभाव्यवता के आधार पर विचार किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांकः 6/ज0सं0वि0–10–08/14 1531 राँची, दिनांक– 19-2-14

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–212 दिनांक 13.02.14 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

2. उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कॉंके, राँची/उप सचिव, मंत्रीमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची/दुमका एवं प्रशाखा पदाधिकारी–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14
संयुक्त सचिव(अभि॰)
जल संसाधन विभाग, राँची

25

झारखण्ड सरकार
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 20.02.2014 को पूछा जानेवाला अ०सू० संख्या–26 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता
श्री अमित कुमार यादव,
स०वि०स०

उत्तरदाता
श्री साईमन मराण्डी
मंत्री, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

प्रश्न	उत्तर
1– क्या यह बात सही है, कि राज्य सरकार द्वारा बी०पी०एल० कार्ड की छपाई की जा रही है, जिसका दर 211 रूपया प्रति कार्ड निर्धारित किया गया है;	अस्वीकारात्मक। राज्य द्वारा निविदा के आधार पर मुद्रक का चयन किया गया है जिन्हें 2.99 रूपये (दो रूपये निन्यानवे पैसे) प्रति कार्ड का दर निर्धारित है।
2– क्या यह बात सही है, कि छापे जा रहे कार्ड की गुणवत्ता अत्यंत ही निम्न एवं घटिया है;	अस्वीकारात्मक।
3– क्या यह बात सही है कि कार्ड की छपाई का दर 5–6 रूपये प्रति कार्ड पर्याप्त है;	दर निविदा के आधार पर प्राप्त है।
4– यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इतनी बड़ी राशि के गबन को रोकने हेतु कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तों क्यों ?	आवश्यकता नहीं है।

ज्ञापांक :– खा०प्र0–5–10 (विधान सभा)–17/2014 470 /राँची, दिनांक 18-02-14

प्रतिलिपि – उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा के कार्यालय ज्ञापांक 278 वि0स0, दिनांक 16.02.2014 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17-2-2014

सरकार के सचिव।

26

श्रीमती विमला प्रधान स0वि0स0, द्वारा दिनांक-- 20.02.2014 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या-- 23 का उत्तर सामग्री।

क्र0	प्रश्न	माननीय मंत्री, कल्याण का उत्तर
1	2	3
1	क्या यह बात सही है कि सिमडेगा जिला में कल्याण विभाग से संचालित दो आवासीय जनजातिय विद्यालय सेवई में हाटिंगहोडे है जो सिमडेगा मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है।	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि आवासीय विद्यालय में पेयजल बिजली एवं शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है, साथ ही स्कूल में स्थायी रुप से गार्ड कुक एवं शिक्षकों की कमी है। साथ ही अस्थायी रुप से रखे गार्ड कुक एवं शिक्षकों का मानदेय 2 साल से नहीं दिया गया है।	आंशिक रुप में स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय हाटिंगहोडे में तीन चापाकल चालू स्थिति में है। विद्यालय में 8 शौचालय सुचारु अवस्था में है। विद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों का वेतन लम्बित नहीं है। अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय सेवई में 1 चापाकल चालू अवस्था में है तथा 1 कुआँ है। विधुत आपूर्ति ठीक है। 1 प्रधानाध्यापक एवं 1 सहायक शिक्षिका प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। मानदेय पर कार्यरत 1 गार्ड को भुगतान वित्तीय वर्ष 2012–13 से लम्बित है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इन आवासीय जनजातिय विद्यालयों में स्थायी शिक्षक, स्थायी नाईट गार्ड, कुक को ससमय मानदेय देने की व्यवस्था करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	जिला कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा से प्रतिवेदन प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

19/2/14
(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग

ज्ञापांक--06/15 वि0स0--15/14 383 रॉंची, दिनांक:-- 19/02/14

प्रतिलिपि:-- 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ उपसचिव, झारखण्ड विधान सभा, सचिवालय को उनके ज्ञापांक संख्या--282 दिनांक--16.02.14 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/2/14
(विनोद शंकर सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव

19/2

D:\2013-14\Raza\Mazhar\Vidhan sabha Questionire.doc

(27)

झारखण्ड सरकार
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 20.02.2014 को पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या– अ0सू0–22 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्नकर्त्ता का नाम
श्री माधव लाल सिंह,
स०वि०स०

उत्तरदाता का नाम
श्री साईमन मराण्डी,
मंत्री,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं
उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

क्र० सं०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अतिरिक्त बी०पी०एल० के अन्तर्गत गरीबों को अनाज दिया जाता है,	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि सम्पूर्ण झारखण्ड में अभी भी बहुतायात मात्रा में गरीब महिलाओं एवं पुरूषों का नाम अतिरिक्त बी0पी0एल0 सूची में सूचीबद्ध नहीं है,	बी0पी0एल0 सर्वेक्षण का कार्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण विकास विभाग के 2002 –07 सर्वेक्षण एवं 2010 के पुर्नः सर्वेक्षण के आधार पर राज्य के लक्षित 23,94,000 बी0पी0एल0 (अन्त्योदय सहित) एवं 11,15,833 अतिरिक्त बी0पी0एल0 परिवारों को खाद्यान्न का आवंटन दिया जाता है।
3	यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुनः बी0पी0एल0 का सर्वे कराकर गरीब महिलाओं तथा पुरूषों को जिनका नाम अतिरिक्त बी0पी0एल0 की सूची में सूचीबद्ध नहीं है, उन्हें सूचीबद्ध कराकर लाभ देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	वर्तमान में राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागु किया जाना है जिसके अन्तर्गत पात्र गृहस्थों की पहचान की जानी है।

ज्ञापांक :– खा0प्र0 5–10 (विधान सभा)–15/2014 502 /राँची, दिनांक – 18-02-14

प्रतिलिपि :– उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक संख्या–279 वि०स०, दिनांक 16.02.2014 के क्रम में 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/2/2014
सरकार के सचिव।

D:\Jawahar-2013-14\Kunj\New Microsoft Word Document.Doc12

(28)

श्री संजय कुमार सिंह यादव, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ.सू.–14 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री संजय कुमार सिंह यादव, माननीय स.वि.स.	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि पलामू जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड में विद्युत पावर सब स्टेशन का निर्माण नहीं कराया गया है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड 1 में वर्णित विद्युत पावर सब–स्टेशन के अभाव में पिपरा प्रखण्ड वासियों को समुचित रूप में विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है;	स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पलामू जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड में विद्युत पावर सब–स्टेशन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	ग्राम पीपरा में प्रखण्ड कार्यालय अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है। इन दिनों पिपरा क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र हरिहरगंज से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। पिपरा प्रखण्ड मुख्यालय के इर्द–गिर्द जमीन उपलब्ध कराने हेतु अंचल पदाधिकारी को अनुरोध किया गया है। जमीन उपलब्ध होने के उपरान्त विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु कार्यवाही की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 385 / दिनांक 19-02-14

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14

सरकार के उप सचिव

(29)

मानवीय स०वि०स० उमाकान्त रजक द्वारा चलते अधिवेशन में दिनांक–20.02.2014 को पूछा जानेवाला अल्प–सूचित प्रश्न सं०–11 का उत्तर प्रतिवेदन।

	प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
1	2	3
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1.	क्या यह बात सही है, कि बोकारो जिला में चास, चन्दनकियारी गुवाई–बराज परियोजना किसानों के हित में बनना था, जो निर्माण के अभाव में वर्षों से लम्बित है,	आंशिक स्वीकारात्मक है। गोवई बराज योजना का कार्य वर्ष 1982–83 में पूरा किया गया।
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के निर्माण से चास से चन्दनकियारी तक के किसानों के हजारों–हजार एकड़ जमीन में सिंचाई सुविधा बहाल होगी;	स्वीकारात्मक है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुवाई–बराज नहर परियोजना का निर्माण किसान हित में अविलंब करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	गोवई बराज योजना की सिंचाई क्षमता पुनर्बहाल करने हेतु कराये जाने वाले आवश्यक ई०आर०एम० कार्य का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार करने हेतु परामर्शी का चयन प्रक्रियाधीन है। DPR के तैयार होने के पश्चात् भारत सरकार के AIBP के तहत ई०आर०एम० कार्य कराये जाने का प्रस्ताव है।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक: 6/ज०सं०वि० – 10–03/2014 – 1596 राँची, दिनांक 19-2-14

प्रतिलिपिः उप सचिव, झारखण्ड, विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–प्र०–213/वि० स० दिनांक 15.02.2014 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. उपसचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, कांके रोड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदा०–6 जल संसाधन विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14

संयुक्त सचिव (अभि०)
जल संसाधन विभाग, राँची।

E:\2\MINZ\vidhan sabha\2013-14\Umakant Rajak_11_ 20.02.2014.doc 1

(30)

झारखण्ड सरकार

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 20.02.2014 को पूछा जानेवाला अ०सू० संख्या–09 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता
श्री विनोद कुमार सिंह,
स०वि०स०

उत्तरदाता
श्री साईमन मराण्डी
मंत्री, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

प्रश्न	उत्तर
1– क्या यह बात सही है, कि राज्य के 67 लाख परिवारों ने ए०पी०एल० व बी०पी०एल० कार्ड हेतु आवेदन दिया था;	जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं एन०आई०सी० के आँकडों के आधार पर राज्य के 61,86,558 परिवारों द्वारा राशन कार्ड हेतु आवेदन समर्पित किया गया है।
2– क्या यह बात सही है, कि राशन कार्ड सेवा की अधिकार में शामील होने के बावजूद अब तकए०पी०एल० कार्ड नहीं मिला है व आंशिक रूप से वितरित बी०पी०एल० कार्ड में भी राशन नहीं मिल रहा है;	ए०पी०एल० कार्ड प्रिन्टिंग संबंधी कार्य प्रक्रिया में है चूँकि राशन कार्ड डिजिटाईजेशन में बी०पी०एल० कार्ड को प्राथमिकता दी गई थी। अतः अब तक कुल मुद्रित हुये बी०पी०एल० कार्डों को जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है। पूर्व में वितरित बी०पी०एल० कार्ड पर भी सभी कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।
4– यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुर्ण रूप से कार्ड वितरित करते हुए राशन व किरोसिन आपुर्ति करनें की विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तों क्यों ?	52,29,522 राशन कार्डो का डिजिटाईजेशन का कार्य हो चुका है। जिसमें 12,43,523 राशन कार्ड प्रिन्ट होकर प्राप्त हो चुका है जिसे वितरण हेतु जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है। सभी कार्डधारियों को राशन एवं किरोसिन उपलब्ध कराया जा रहा है।

ज्ञापांक :– खा०प्र०–5–10 (विधान सभा)–16/2014 597 /राँची, दिनांक 19-02-14

प्रतिलिपि – उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा के कार्यालय ज्ञापांक 208 वि०स०, दिनांक 15.02.2014 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/2/2014

सरकार के सचिव।

31

श्री चन्द्रिका महथा, स0वि0स0 से प्राप्त अल्प–सूचित प्रश्न सं0–02 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के देवरी प्रखंड में तपसीडीह स्थित गोदवरी नदी पर जरियावागी के कर्मा नाला पर एंव जमुआ प्रखंड के धोरंजो में उसरी नदी पर चुंगलो के चुगलो नदी पर चेक डैम का निर्माण किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु महत्वपूर्ण है ;	स्वीकारात्मक।
2	यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थानों पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चेकडैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तों क्यो?	कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गिरिडीह द्वारा देवरी प्रखंड के जरियाबागी के करमा नाला पर चेकडैम का कार्य की निविदा आंमत्रित की गई है, तथा सम्प्रति उक्त निविदा निस्तार के उपरांत शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। देवरी प्रखंड स्थित तपसीडीह में गोदावरी नदी पर, जमुआ प्रखंड स्थित धोरंजो में उसरी नदी पर तथा चंगुलों में चुगलो नदी पर चेकडैम निर्माण हेतु सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के पश्चात् योजना की सम्भावयता निधि की उपलब्धता एंव क्षेत्रीय संतुलन के आधार पर योजना का कार्यान्वयन कराया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, राँची

ज्ञापांकः 6/ज0सं0वि0–10–01/14 1533 राँची, दिनांक– 19-2-14

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञापांक–199 दिनांक 14.12.14 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, काँके, राँची/उप सचिव, मंत्रीमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची/दुमका एवं प्रशाखा पदाधिकारी–6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

19/2/14
संयुक्त सचिव(अभि॰)
जल संसाधन विभाग, राँची

(321)

श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–20.02.2014 को पूछा जाने वाला
अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ.सू.–03 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री जगरनाथ महतो, माननीय स.वि.स.	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल गिरिडीह अन्तर्गत प्रतापपुर सब स्टेशन से इसरी बाजार होते हुए कुलगो तक ओल्ड फीडर में तार जर्जर है;	आंशिक स्वीकारात्मक। विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गिरिडीह अन्तर्गत प्रतापपुर सब स्टेशन से इसरी बाजार तक ओल्ड 11 के0भी0 फीडर में लगभग तीन कि0मी0 समिश्रित तार जर्जर है।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त फीडर में तार जर्जर रहने के कारण विद्युत आपूर्ति हमेशा बाधित रहती है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त फीडर में तार बदलने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	जर्जर तार को अप्रैल 2014 तक बदलने का लक्ष्य है।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 371 / दिनांक 18-02-14.

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/02/14
सरकार के उप सचिव